विदेशों में मजदूर भेजने वाली निर्माण कम्पनियों के विरुद्ध जांच

955. श्री राम नरेश यादव : क्या **श्रम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेशों में निर्माण कार्य करने वाली कम्पनियों में कुछ विदेशी कम्पनियां भी शामिल हैं जो भारतीय कर्मचारियों को बाहर भेजती हैं;

(ख) यदि हां, तो इन कम्पनियों के नाम क्या हैं जो भारतीय नागरिकों श्रमिकों को विदेश भेजती हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि कई विदेशी कम्पनियों द्वारा की गई धांधली की जांच की गई और उनके विरुद्ध आरोप प्रमाणित हुए थे यदि हां, तो उन कम्पनियों के नाम और पते क्या-क्या हैं जिनके विरुद्ध आरोप प्रमाणित हो गये थे ; और

(घ) क्या यह सच है कि कुछ कम्पनियों के नाम काली सूची में दर्ज कर दिये गये थे; यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान किन-किन कम्पनियों के नाम काली सूची में दर्ज किये गये और उनके विरुद्ध क्या कानूनी कार्यवाही शुरू की गई थी ?

श्रम मंत्री (श्री बिन्देश्वरी दुबे) : (क) और (ख) उत्प्रवास अधिनियम, 1983 के उपबंधों के अनुसार विदेश में रोजगार के लिए कर्मकारों की भर्ती केवल पंजीकृत भर्ती एजेंसियों, परियोजना नियातकों या भारतीय मिशनों द्वारा जारी किए परमिट के आधार पर विदेशी नियोजकों द्वारा सीधे की जा सकती है। तथापि, उन सभी विदेशी कम्पनियों के नामों को दर्शाना संभव नहीं है जो विदेशों में निर्माण कार्य कर रही है।

(ग) और (घ) मजदूरी की अदायगी न करने, असंतोषजनक कार्य दशाएं, संविदाओं की समय से पहले समाप्ति और मजदूरियों में कमी तथा संविदा के प्रतिस्थापन आदि के बारे में समय समय पर शिकायतें प्राप्त होती हैं। विदेशों में भारतीय दूतावासों से अनुरोध किया जाता है कि वे शिकायतों के निवारण के लिए आवश्यक कदम उठायें। गंभीर शिकायतों के मामले में, विदेशी नियोक्ताओं का नाम काली सूची में लिखा जाता है तथा शिकायतों के निपटाये जाने तक आगे कोई भर्ती करने की अनुमति नहीं दी जाती है। पिछले तीन वर्षों के दौरान काली सूची में लिखे गए विदेशी कम्पनियों के नाम विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

विदेशी नियोजक का नाम	डाक पता
अब्दुल्ला मोहम्मद अल-जुगेमी	पोस्ट बाक्स सं०-5227, रियाद
अबु अल रौधा ईज एंड बिल्डिंग अफरास	पोस्ट बाक्स सं. -533 दुबई पोस्ट बाक्स सं.-6337, रियाद
अल-शरीफ कारपोरेशन	पोस्ट बाक्स सं.-2193, रियाद
अल-अली ट्रेडिंग एंड कांट्रैक्टिंग कं.	रूवी, अमन
अलबेलार मेडिकल क्लिनिक	रियाद
अल-गनेम सिविल कंस्ट्रक्शन कं०	शारजाह
अल-इरीजा कन्स्ट्रक्शन एंड मैंटीनैन्स कम्पनी	पो.बा. सं. 847, रस-अलखि-मायहा, दुबई

1	2	3
अल-होमेद इस्टबलिशमेंट	.	पो. बा. सं. 6459, जेदाह
अल-मददाह कारपोरेशन	.	जेदाह
अल-मूरेखी इस्टबलिशमेंट	.	पो. बा. सं.-211, अबूदाबी
अल-नबा-अल खालिद, इस्टबलिशमेंट	.	पो. बा. सं.-15850, रियाद
अल-शैक नेशनल इस्टबलिशमेंट	.	पो. बा. सं. 664, रियाद
अल-वाहा कन्ट्रेक्टिगी कं० इस्टबलिशमेंट	.	बहरीन
अल-जरूमी कन्ट्रेक्टिंग	.	पो. बा. सं. 54, शारजाह
अल-साहेब कम्पनी	.	यमन
बाबूद इस्टेबलिशमेंट	.	पो. बा. सं. 19634, सलालाह ओमान
बिन शुवाश जनरल कन्ट्रेक्टिग कं०	.	रियाद
ब्रोफर ट्रांसपोर्ट कम्पनी	.	मस्कट
दोस्तीन ट्रेडिंग इस्टबलिशमेंट	.	पो. बा. 1088, अमन
इस्टप एस. ए.	.	लिबिया
फाइसको (ओवरसीज) लि.	.	पो. बा. सं. 5765, शारजाह
जी. एम. सी. सी.	.	पो. बा. सं. 529 रस-अल-खैमाह, दुबई
गालिब इस्टेबलिशमेंट ट्रेड एंड जनरल कन्ट्रेक्टिंग		पो. बा. सं. 8083, रियाद
हासन ट्रेडिंग इस्टेबलिशमेंट	.	जेद्दाह
इंटरकोम कार्मशियल	.	पो. बा. सं. 323, शारजाह
इंटरनेशनल कन्ट्रेक्टिंग	.	पो. बा. सं. 5280, दुबई
खालिद टरकी	.	दममन
खलीफा अली ताजेर	.	पो. बा. सं. 670, दुबई
लेदर प्रोडक्ट्स कं०	.	लिबिया
लोवो टेलर्स	.	पो. बा. सं. 7069, दुबई
मैक्डोरमेट इंटरनेशनल इंक.	.	पो. बा. सं. 3098, दुबई
मीरा पोलपी फार्मस	.	पो. बा. सं. 10775, जेद्दाह
मिडल ईस्ट ट्रेडिंग सेंटर	.	पो. बा. सं. 4039, यू. ए. ई.
मोहम्मद अल मुवादी कन्ट्रैक्टिंग	.	पो. बा. सं. 10074, दुबई
नेशनल ट्रेडिंग एंड कंट्रेक्टिंग कं०	.	पो. बा. सं. 4179, रूवी
आवद अहमद ट्रेडिंग एंड कंट्रेक्टिंग कं.	.	रूवी, ओमान
ओससमा गजजावल इस्टेबलिशमेंट्स	.	जेद्दाह

विदेशी नियोजन का नाम	डाक पता
परफैक्ट इंटरनेशनल	पो. बा. सं. 5020, दुबई
परोजकोन	बंगलौर
रिगिड कंट्रैक्शन टीम	पो. बा. सं. 2162, शारजाह
रोसकेप लिमिटेड	लन्दन
सऊदी प्रोडक्शन होल्डिंग कं. लि.	रियाद
सीलेंड मेनटीनेंस कारपो. एंड मैनेजमेंट कं. लि.	पो. बा. सं. 381, दममन
सेदार फरास	पो. बा. 6337, रियाद
शांतादेवी नारायण दास तोपरानी कं.	पो. बा. 38, मसकट
शारजाह पब्लिक स्कूल	पो. बा. 6125, शारजाह
सिदिक मेटरनिटी एंड चाल्ड्रन हास्पीटल	पो. बा. सं. 1067, जेद्दाह
सिकनसन एलमूनियम एंड ग्लास	पो. बा. सं. 6368, शारजाह
ताजेक्स	पो. बा. सं. 18010,
	पो. आ.–अल–अलवयाह, बगदाद, ईराक
तारेक एस. फाससी	पो. बा. स. 6130, जेद्दाह
तावाककल कन्ट्रेक्टिंग एंड ट्रेडिंग कं.	जपो. बा. सं. 1000, शारजाह
यू. डी. ई.	पो. बा. सं. 309, रस–अल–खेमाह, दुबई
यूनाइटेड ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज	पो. बा. सं. 3114, शारजाह
वेसमेन एम बी आई. एन. सी. ए. टाइड	टेली. नं. 33293, दुबई
वेसमन एम बी जोक	दुबई इस्लामिक बैंक, दुबई

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत खाद्यान्नों का आवंटन

956. **श्री विश्वासराव रामाराव पाटिल** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1987-88 के दौरान दिसम्बर, 1987 तक राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्यों को कितना खाद्यान्न दिया गया ;

(ख) प्रति माह राज्यवार कितना-कितना आंवटन किया गया ; और

(ग) वर्ष 1988–89 के दौरान खाद्यान्न आंवटित किये जाने की संभावना है ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (एन. आर. ई. पी.) के अन्तर्गत राज्यों को खाद्यान्न की रिलीज दो किस्तों में जाती है न कि माहवार आधार पर। वर्ष 1987–88 के दौरान दिसम्बर, 1987 तक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को रिलीज किए गए खाद्यान्नों की मात्र और वर्ष 1988–89 के लिए उनको आंवटित किए गए खाद्यान्नों की मात्रा संलग्न विवरण में दर्शायी गयी है।